हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

14 संविधान कानूनों का दस्तावेज नहीं, बल्कि ...



14 कॉलेज के छात्रों ने निकाली एड्स जागरूकता...



# 143 बकायादारों के जीपीएस से काटे गये बिजली कनेक्शन, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

विद्युत वितरण कंपनी स्मार्ट मीटर लगने के बाद स्मार्ट हो गई है, पहले बकायादारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने के लिए घर-घर घूमना पड़ता था।

अब बकायादारों के विद्युत कनेक्शन सीधे जीपीएस के माध्यम से ऑफिस से ही काट दिये जा रहे हैं। इससे बकायादारों में हड़कंप मचा है। भाटापारा संभाग से जीपीएस के माध्यम से 143 उपभोक्ताओं के 43.99 लाख रूपए के बकाया राशि पर लाइन काटी गई। 25 बकायादारों ने ऑफिस पहुंच कर 6.58 लाख बकाया बिल का भुगतान किया, तब उनके कनेक्शन जोड़े गये। सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे भाटापारा संभाग के विभिन्न बकायादारों के घर एवं दुकानों के विद्युत कनेक्शन सीधे जीपीएस के माध्यम से रायपुर स्थित स्मार्ट मीटर के सर्वर रूम से काट दिया गया। इसके साथ ही बकायादारों के घर, प्रतिष्ठानों की बिजली सप्लाई ठप हो गई।

कनेक्शन कटते ही बकायादारों में हड़कंप मच गया। उनके द्वारा बिजली ऑफिस में संपर्क किया गया, वहां जाने के बाद उनकों बकाया राशि का भुगतान करने के बाद विद्युत कनेक्शन जोड़ने की बात कही गई। पहले ही दिन 25 बकायादारों ने बिजली ऑफिस पहुंच कर बिजली बिल का भुगतान किया। इसके बाद उनका विद्युत कनेक्शन बहाल कर दिया गया।

## 25 बकायादारों ने ऑफिस पहुंच कर 6.58 लाख बकाया बिल का भुगतान किया

### जीपीएस मीटर में कई सुविधा

ज्ञात हो कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पुराने इलेक्ट्रानिक मीटर के स्थान पर नया स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है, जो कि जीपीएस से ऑपरेट होता है एवं उसमें कई सुविधाएं है। उपभोक्ताओं के घरों में जाये बिना रीडिंग दर्ज कर बिजली बिल जारी किया जा सकता है, साथ ही मीटर में किसी प्रकार की छेड़-छाड़ होने पर सिस्टम अलर्ट कर देता है, वहीं किसी भी कारणों से खपत कम होने पर भी चेतावनी मिल जाती है। स्मार्ट मीटर को आगे चलकर प्री-पैड मीटर में भी बदलने की योजना है, जिससे विद्युत कंपनी की बकाया राशि की समस्या का स्थायी रूप से समाधान हो जायेगा।



### कनेक्शन काटने के पहले दिया गया अल्टीमेटम

विद्युत वितरण कंपनी स्मार्ट मीटर वाले बकायादारों की बिजली सीधे नहीं काटा जा रहा है। लंबे समय तक बिल का भुगतान नहीं करने पर उनको 3 दिनों तक लगातार एसएमएस भेजा जा रहा है। इसके बाद भी उनके द्वारा बिल भुगतान को लेकर गंभीरता नहीं दिखाने पर विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया जा रहा है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रखेगी।

-व्हीके राठिया, डीई

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम पलारी निवासी जनकराम सेन पिता बुधारू सेन की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी पुन्नीबाई पति स्व. जनकराम को 4 लाख आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### 62 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**सिमगा**। समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिमगा की पुलिस टीम द्वारा ग्राम दुलदुला में



घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए आरोपी विजय उर्फ बाबी धृतलहरे 22 वर्ष निवासी ग्राम लिमतरा थाना सिमगा को गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब कोचिया से 62 पौवा देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक बाइक क्रमांक सीजी 22 एम 3200 जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### क्षेत्रवासियों में विकास की कई घोषणाओं की उम्मीद जागी

# मुख्यमंत्री साय के सुहेला आगमन से पहले कलेक्टर एवं एसपी ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुहेला

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रस्तावित सुहेला आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी भावना गुप्ता गुरुवार को सुहेला पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मंच, सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा भीड़ प्रबंधन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और सभी कार्य समय पर पूर्ण हों।



मुख्यमंत्री साय अपने प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। साथ ही, क्षेत्रवासियों को कई महत्वपूर्ण सौगातें मिलने की उम्मीद है। सुहेला नगर एवं अंचल की बहुप्रतीक्षित मांग सुहेला में महाविद्यालय की स्थापना लंबे समय से जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा उठाई जाती रही है। क्षेत्र के लोग आशान्वित हैं कि इस बार मुख्यमंत्री अपने दौरे पर महाविद्यालय की घोषणा अवश्य करेंगे। युवाओं और अभिभावकों में इसे ▸▸ शेष पेज 12 पर

### प्रशासन तेजी से तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा

कलेक्टर दीपक सोनी के निरीक्षण के बाद प्रशासन तेजी से तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और लोग उत्सुकता से मुख्यमंत्री साय के आगमन तथा संभावित घोषणाओं का इंतजार कर रहे हैं। उक्त संबंध में बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी ने कहां की आगामी दिनों में वीवीआईपी मूवमेंट होने वाली है जिसके तहत स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की कोई असुविधा का सामना न करना पड़े।

# ब्राम्हण समाज पर अनुचित टिप्पणी का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर संतोष वर्मा आईएएस प्रांतीय अध्यक्ष आजास्क मध्यप्रदेश के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की।

■ समाज ने आईएएस अधिकारी पर कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के संबंध में सार्वजनिक मंच से आपत्तिजनक व अनुचित टिप्पणी की गई है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। ब्राह्मण समाज ने इसे अपनी प्रतिष्ठा पर हमला बताते हुए कहा कि इस टिप्पणी से समाज में रोष व्याप्त है तथा सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हो रही है।

ब्राह्मण समाज ने बताया कि एक उच्च प्रशासनिक पद पर रहते हुए नियम-कानून की जानकारी होने के बावजूद ऐसा वक्तव्य देना संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। समाज ने मांग की है कि संतोष वर्मा ▸▸ शेष पेज 12 पर

# कारोबारियों से 349 क्विंटल अवैध धान जब्त



**बलौदाबाजार/भाटापारा**। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार संयुक्त जांच दल के माध्यम से धान खरीदी केंद्रों में अवैध धान खपाने की मंशा रखने वाले कारोबारियों पर मंडी अधिनियम 1972 के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को 349 क्विंटल अवैध धान मूल्य लगभग 7 लाख 69 रुपये का जब्त किया।

जानकारी के अनुसार भाटापारा विकासखंड के मोपका स्थित मेसर्स नारायण साहू अनाज भंडार से 349.60 क्विंटल, लगभग 769000 रूपए कीमती फर्म संचालक नारायण साहू से जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही अनाज भंडार संचालक की उपस्थिति मे गोदाम को सील किया गया। इसी प्रकार एसआर ट्रेडिंग कंपनी में भी जांच की गई, जहां पर स्टॉक में अनियमितता नहीं पाई गई। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार यशवंत राज, सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप, मंडी उपनिरीक्षक प्रफुल मांझी एवं श्याम लाल उपस्थित थे।

### प्रभारी समिति प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारी निलंबित

**महासमुंद**। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सुखीपाली के धान खरीदी प्रभारी रविशंकर सेठ को निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर विनय लंगेह एवं जिला प्रसाशन टीम के द्वारा धान खरीदी केंद्र सुखीपाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था पाई गई। जिसमें धान का स्टेकिंग सही नहीं पाया गया। बारदाना अव्यवस्थित एवं बिना टैग के लिया जाना पाया गया तथा सीसीटीवी कैमरा खरीदी केंद्र पर नहीं होना पाया गया है। जो समिति प्रबंधक रविशंकर सेठ द्वारा धान खरीदी नीति के आदेश निर्देश का पालन नहीं करने तथा लापरवाही बरतने की श्रेणी में आता है।

# गार्ड के बेटे ने श्रमिक पर चाकू से किया हमला



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सीमेंट संयंत्र कुकुरदी में कुछ दिन पूर्व श्रमिकों और सिक्योरिटी गार्ड के बीच हुए विवाद के बाद हालात फिर तनावपूर्ण हो याए हैं। सेम्हराडीह निवासी श्रमिक भानुराम साहू पर हुए चाकू हमले ने श्रमिकों में आक्रोश है। भानुराम साहू इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व संयंत्र परिसर में श्रमिकों और सिक्योरिटी गार्ड के बीच किसी बात को लेकर झड़प हुई थी। श्रमिकों ने सिक्योरिटी गार्ड पर गाली-गलौज और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए थे। इसी घटना के विरोध में श्रमिकों ने शुक्रवार को संयंत्र के बाहर धरना देकर कार्रवाई की मांग की थी। धरने के बाद संयंत्र प्रबंधन ने संबंधित सिक्योरिटी गार्ड को नौकरी से निष्कासित कर दिया था।



गार्ड को काम से निकाले जाने के बाद उसके पुत्र ने रंजिश में बीते रात श्रमिक भानु राम साहू को सेम्हराडीह गांव में फोन कर मिलने बुलाया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किया, जिससे श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज रायपुर के निजी अस्पताल में जारी है। श्रमिकों ने बताया कि हमले में घायल भानु राम साहू कॉन्ट्रैक्टर चेतन वर्मा के ▸▸ शेष पेज 12 पर

### कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था का लिया जायजा

# 114 किसानों से खरीदी गया 5057 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुहेला

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सुचारू व पारदर्शी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को सुहेला स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति में पहुंचकर खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान तौल प्रक्रिया, नमी जांच, टोकन सिस्टम, किसानों की सुविधाओं तथा संपूर्ण प्रबंधन व्यवस्था का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं तौल मशीन से धान का वजन कराया तथा नमी जांच मशीन में धान की नमी भी परखी। उन्होंने किसानों से बातचीत कर खरीदी केंद्र में मिल रही सुविधाओं एवं किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में जानकारी ली। किसानों रिकीराम,



मेरी तंवर सिंह वर्मा एवं कलाराम मेरी ने बताया कि इस वर्ष खरीदी व्यवस्था संतोषजनक है तथा टोकन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।

इसी बीच दुकलहा पाल और लक्ष्मण नायक ने कलेक्टर को समिति परिसर में समतलीकरण व कंक्रीटीकरण नहीं होने से धान के खराब होने की समस्या से अवगत कराया। किसानों की बात को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने आगामी समय में पूरे खरीदी केंद्र का समतलीकरण एवं पक्का निर्माण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पहले भी समिति में चबूतरा व शेड जैसी सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से विकसित की गई, उसी प्रकार आगे की जरूरतें भी पूरी की जाएंगी।रावन केंद्र में किसानों से बोरे पर छाप लगाने की शिकायत पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित धान प्रभारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों की सुविधा के दिए निर्देश

समिति प्रबंधन के अनुसार सुहेला समिति में 1095 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 114 किसानों से 5057 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं जिले में कुल 13902 किसानों से 61426 मेट्रिक टन धान खरीदा गया है।कलेक्टर दीपक सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान का सही वजन, सटीक नमी जांच और किसानों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि खरीदी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण** - 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण** - 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण** - 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### अगहन गुरुवार को लक्ष्मी की विशेष पूजा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में अगहन माह के गुरुवार को मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। शिक्षिका गौरी पटेल ने बताया कि इस दिन महिलाएं प्रातः से ही विधि विधान से लक्ष्मी की पूजा में लग जाती है, वैसे तो बुधवार की संध्या को ही तैयारी प्रारंभ कर दी जाती है। चावल के आटे का घोल बनाकर घर के मुख्य द्वार से पूजा कक्ष तक लक्ष्मी के पदचिन्ह बनाती है और सजाती है। मुख्य द्वार को गोबर से लीपकर रंगोली बनाती है। पद्म पुराण के अनुसार अगहन गुरुवार को मां लक्ष्मी की सच्चे मन से पूजा करने पर घर परिवार में लक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहती है।

### डी फ़ार्मेसी परीक्षा परिणाम घोषित, छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डी फ़ार्मेसी सत्र 2024-25 प्रथम वर्ष की परीक्षा परिणाम जारी गई। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। कुल 36 विद्यार्थियों में से 33 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया। श्याम बालाजी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, महासमुंद जिले का प्रथम कॉलेज है। कॉलेज टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में गरिमा, मुस्कान चौधरी, टाकेश्वर, डिगेश्वरी, सिंधु साहू, चंद्रशीला साहू, भावेश चंद्राकर, भूषण, संजय साहू शामिल है। छात्रों की सफलता पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर एवं अंशु चंद्राकर, डॉ. अंकिता चंद्राकर, डिंपल साहू, संजय कुमार साहू, उमा चौधरी, शीतल साहू एवं टोप राम कुर्रे आदि ने हर्ष जताया है।

### झलप में विशाल रक्तदान शिविर 1 को

**झलप।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान एवं मेकाहारा ब्लड बैंक रायपुर के सहयोग से बाबा गुरु घासीदास के 269वीं जन्म जयंती समारोह पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन झलप में 1 दिसंबर को होने जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज झलप अठगंवा परिक्षेत्र के अध्यक्ष भागीरथी मारकंडे व कोषाध्यक्ष किशन कोसरिया ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा व सर्व समाज के लोग शामिल होकर रक्तदान करेंगे। यह शिविर गुरु पर्व माह के आरंभ तिथि 1 दिसंबर सोमवार को गुरुद्वारा के पास मेन रोड झलप में आयोजित किया जाएगा। रक्तदान का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक ने लोगों को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

# संविधान निर्माण में सुअरमार के जमींदार ठाकुर भानुप्रताप सिंह की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गांजर में संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम द्वारा भारत के संविधान की उद्देशिका के समूह संकल्प वाचन के साथ की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों तथा नागरिक कर्तव्यों की विस्तारपूर्वक व्याख्या करते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों को समझाया।

उन्होंने संविधान में निहित सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता और राष्ट्र की एकता और अखंडता को प्रश्नों के माध्यम से समझाया। उन्होंने संविधान निर्माण में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रमुख भूमिका को बताते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए अपने अंदर डॉ अंबेडकर जैसी भूख पैदा करने का आह्वान किया। उन्होंने याद दिलाया कि जिस विद्यार्थी को कभी छुआछूत के कारण क्लास रूम के बाहर बिठाया जाता था, उसने अपनी मेहनत और बुद्धि के बल पर भारत का संविधान लिख कर पूरी दुनिया में नाम कमाया है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सहजता से उत्तर भी दिए और उन्हें और अधिक सवाल पूछने प्रेरित किया। संविधान दिवस पर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने वाले शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवरी के विद्वान प्राचार्य डीएस टंडन ने संवैधानिक कर्तव्यों तथा जीवन निर्माण में शिक्षा की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताया और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और अपने माता पिता के सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित किया। कार्यक्रम में शामिल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा ने महासमुंद जिले का इतिहास बताते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर बोदेल, वीर रेंगहु तथा छबिलाल चंद्राकर के त्याग व योगदान को याद किया। उन्होंने संविधान निर्माण समिति में सुअरमार के जमींदार ठाकुर भानुप्रताप सिंह की सामाजिक एवं राजनीतिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से संविधान को जीवन में आत्मसात कर अपने अधिकारों व कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया।

**पड़ताल:** बाहर से आए नागरिकों के लिए 2003 की मतदाता सूची का ईपिक नंबर जरूरी

# सघन जांच अभियान, वार्ड 1 से 15 तक मतदाता सूची का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरिशंकर पैकरा के निर्देशन पर बसना नगर में मतदाता सूची के अद्यतन एवं सत्यापन के लिए विशेष जांच अभियान चलाया गया।

बसना सीएमओ सूरज सिदार ने बताया कि 1 से 15 वार्डों में सघन जांच की गई, जिसमें विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 1, 2, 14 और 15 के मतदाताओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। जांच के दौरान कई ऐसे नागरिक पाए गए, जो बाहर से बसना में आकर निवास कर रहे हैं। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी बाहरी नागरिकों को 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपने ईपिक नंबर के साथ निर्धारित फॉर्म अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए की जा रही है। जांच दल ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं की जानकारी एकत्र की तथा संदिग्ध प्रविष्टियों का सत्यापन किया। जिन व्यक्तियों के नाम हाल ही में बसना की मतदाता सूची में जोड़े गए हैं या जिनकी प्रविष्टि संदिग्ध पाई गई है, उनसे पुराने क्षेत्र की 2003 की मतदाता सूची के ईपिक नंबर प्रस्तुत करने को कहा गया है।

सीएमओ सूरज सिदार ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर दस्तावेज जमा नहीं करने पर ऐसे नाम अपूर्ण या संदिग्ध प्रविष्टि माने जा सकते हैं। उन्होंने सभी डेटा बंधुओं और फील्ड कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे फॉर्म भरवाने, ईपीक नंबर संकलित करने तथा पूर्ण रिपोर्ट समय पर जमा करने में तत्परता बरतें। प्रशासन ने नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि मतदाता सूची के अद्यतन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, जिससे आगामी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जा सके।

# पिथौरा क्रिकेट अकादमी के संयोजक बने मनमीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



पिथौरा क्रिकेट अकादमी ने आगामी खेल सत्र एवं प्रतिभा विकास कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए अपनी संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में मनमीत सिंह छाबड़ा को अकादमी का संयोजक नियुक्त किया गया है। अकादमी द्वारा आने वाले दिनों में प्रदेश स्तरीय एवं जिला स्तरीय कई महत्वपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन की योजना बनाई गई है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने के साथ-साथ बड़े मंचों पर अवसर प्राप्त करने का मौका मिलेगा। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद मनमीत सिंह छाबड़ा अब इन सभी गतिविधियों के सुचारू संचालन, प्रतियोगिता प्रबंधन, टीम समन्वय, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की देखरेख तथा अकादमी के संपूर्ण क्रियाकलापों की निगरानी का दायित्व संभालेंगे। उनका कहना है कि उनका मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराना और पिथौरा को क्रिकेट प्रतिभाओं का मजबूत केंद्र बनाना है। अकादमी के पदाधिकारियों ने बताया कि छाबड़ा लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनकी सक्रियता और प्रबंधन क्षमता को देखते हुए ही उन्हें संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में अकादमी नई दिशा और गति प्राप्त करेगी तथा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, प्रतियोगिता और प्रोत्साहन के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। स्थानीय खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने भी मनमीत की नियुक्ति का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे न केवल अकादमी की गतिविधियों में मजबूती आएगी, बल्कि क्षेत्र की खेल संस्कृति को भी नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

## सार्वजनिक महालक्ष्मी महोत्सव में शामिल हुए मोक्ष कुमार



**बसना।** माटीदरहा में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला सार्वजनिक महालक्ष्मी महोत्सव इस वर्ष भी धार्मिक उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुआ। पूरे ग्राम में भक्तिमय वातावरण के बीच आयोजित इस महोत्सव में जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। प्रधान ने माँ महालक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

# स्काउट्स-गाइड्स का मनोबल बढ़ाने पहुंचे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



स्काउटिंग एक युवा आंदोलन है, जिसका उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से विकसित करना है। स्काउटिंग में युवा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हैं, जैसे कि कैंपिग, ट्रेकिंग, प्राथमिक चिकित्सा, और समुदाय सेवा, जो उन्हें स्वतंत्र, आत्मविश्वासी, और सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाती हैं। इस जांच शिविर में पर्यवेक्षक राम कुमार साहू एवं सुशील शर्मा पहुंच कर कैंप की गतिविधियों को ध्यान देते हुए मानचित्र बनाना व उसके उपयोग के बारे में समझाए। स्काउट गाइड के मनोबल बढ़ाने के लिए स्थानीय संघ के पदाधिकारियों ने लगातार बच्चों से रूबरू होकर प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ले रहे है। गत दिवस जिला उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, स्थानीय संघ अध्यक्ष पंकज हरपाल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, उपाध्यक्ष राजेश सोनी, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि लोकेश्वर चंद्राकर ने बैजेस की जानकारी लिए। शिविर दिवस के कार्यक्रम के निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार प्रवेश से तृतीय सोपान पाठ्यक्रम के स्काउटिंग आंदोलन की उत्तपत्ति, प्रतिज्ञा, नियम, आदर्श वाक्य, चिन्ह, सैल्यूट, गणवेश, राष्ट्रगान, प्रार्थना, झंडागीत, लेसिंग,मानचित्र, आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक मंडल में अरुण कोसे, भीमसेन चंद्राकर के मार्गदर्शन से विकासखंड आयुक्त गाइड पुरी हरपाल, स्काउट विभाग में व्यास नारायण बंजारे, मनोज दीवान, रामगोपाल दीवान, कोषाध्यक्ष भूषण लाल साहू, सचिव शेष नारायण साहू, देवेंद्र दीवान, नंद कुमार चंद्राकर, जितेंद्र साहू, डिगेश्वर साहू, वीर शिवाजी, ओपन रोवर लीडर सतीश देवांगन, गगन टोंडेकर, प्रेमचंद्र डड़सेना, पीतांबर सेन, रामनारायण धीवर, जीएस सोनवानी, अमित ठाकुर, सोमेश मंडल, गाइड चंद्रकांता महिरवार, रक्षा साहू, वीणा साहू, उषा किरण ठाकुर, केशर मानिकपुरी, सीमा दुबे, भारती पटेल शामिल हैं। कार्यक्रम में स्काउट गाइड के साथ उनके प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

# योग प्रशिक्षण शिविर 13 से

**महासमुंद।** योग प्रशिक्षण शिविर (35वां वर्ष) दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल, शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा 13 से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित है। शिविर शिवानंद कुटीर योगाश्रम डोंगरगढ़ के संचालक व योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन कचहरी चौक महासमुंद में होगा। इस 10 दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यासी प्रशिक्षणार्थियों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा व षटकर्म की क्रिया, दीर्घशंख प्रज्ञालन एवं जलनेती, कुंजल की क्रियाएं कराया जाएगा। रविवार 21 दिसंबर को कौंदकेरा जंगल में हठयोग की क्रियाएं दीर्घशंख प्रक्षालन, जल नेति एवं कुंजल का अभ्यास होगा। पंजीकृत योगाभ्यासी ही सम्मिलित होंगे आग्रह है कि योग शिविर में शामिल होकर पंजीयन करा लें। विदित हो कि दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया महत्वपूर्ण है, जो स्वामी के निर्देशन में किया जाता है, जो संपूर्ण शरीर के शुद्धिकरण का अभ्यास है। योगाभ्यास का समय पुरुष वर्ग/महिला वर्ग संयुक्त समय प्रातः 5.30 बजे से 7 बजे एवं सायं 7 से 8.30 बजे, महिला वर्ग बच्चों का दोपहर 4 बजे से 5 बजे तक रहेगा। प्रतिदिन रोगोपचार के लिए प्रातः7 से 8 तक समय निर्धारित किया गया है, जिसमें स्वामी द्वारा रोग उपचार के लिए आसन बताएंगे। आयोजकों ने नगर व ग्रामवासियों से योग शिविर में शामिल हो लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# भोई ने संभाला सावित्रीपुर हायर सेकेंडरी स्कूल का प्राचार्य पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

- शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तिलक व पुष्पगुच्छ से किया स्वागत



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में 27 नवंबर को एसडी भोई ने प्राचार्य पद का कार्यभार विधिवत ग्रहण किया। विद्यालय में उनके आगमन पर उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने तिलक एवं पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य पी सिदार, मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक एसएल पटेल, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानपाठक महेंद्र तांडी, संकुल समन्वयक पीएल चौधरी तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सभी ने अपने-अपने शब्दों में नए प्राचार्य को शुभकामनाएं दीं और विद्यालय विकास के लिए संयुक्त प्रयास का संकल्प व्यक्त किया। पी सिदार ने विद्यालय की प्रगति यात्रा का उल्लेख करते हुए भोई सर का स्वागत किया।

एसएल पटेल ने कहा कि भोई सर के नेतृत्व से शैक्षणिक गुणवत्ता में और वृद्धि होगी। महेंद्र तांडी ने अनुशासन, नियमितता और टीमवर्क को शिक्षा का आधार बताया। पीएल चौधरी ने संकुल स्तर पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अपने प्रथम संबोधन में एसडी भोई ने कहा कि उनकी प्राथमिकता विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाना, अनुशासन को मजबूत करना, तकनीकी व नवाचार आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना और विद्यालय को उत्कृष्टता की ओर ले जाना रहेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से मिलकर कार्य करने का आग्रह किया।

# शिक्षक के घर से पांच हजार नगद चोरी

**महासमुंद।** ग्राम पतेरापाली में रहने वाले एक शिक्षक के घर से नगदी रकम चोरी के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सरायपाली पुलिस को शिक्षक श्रवण कुमार प्रधान पिता स्व जुगेश्वर प्रधान (35 साल)वार्ड नं 05 पतेरापाली ने बताया कि 26 नवंबर की रात लगभग 01.30 बजे के आसपास वह अपने घर में था, उसी दौरान उसके बड़े पिताजी मंगता प्रधान उठे और देखा कि घर के अंदर से टिंकू उर्फ तुषार विशाल पिता प्रमोद विशाल ग्राम पतेरापाली गुल्लक (पैसे रखने का पात्र) को लेकर निकल रहा था, जिसे देखकर जोर-जोर से चोर-चोर कहकर चिल्लाने लगे। तब टिंकू उर्फ तुषार विशाल घर के गेट को खोल कर एवं सामने लोहे के 07-08 फीट के गेट को फांद कर कूद गया और वहीं नीचे गिर गया। इस दौरान टिंकू के द्वारा चोरी कर ले जाया जा रहा गुल्लक नीचे गिर कर टूट गया और कर गिर गया और पैसा बिखर गया। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसी समय पड़ोस के महिपाल प्रधान ने अपने घर से देखा कि टिंकू उर्फ तुषार विशाल लंगड़ाते हुए दौड़कर भाग रहा था। जिसे उसके बडे पिताजी मंगता प्रधान भी देखे हैं। जब उसने घर के अंदर आलमारी को जाकर देखा तो आलमारी में रखा गुल्लक और वहीं पर 500-500 के 10 नोट कुल 5000 रुपए नहीं थे। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण करने वाले 7 बीएलओ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देशानुसार एसआईआर हेतु गणना पत्रकों का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले 7 बीएलओ को अपर कलेक्टर दीप्ति गोते ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मंडावी भी उपस्थित थीं।

अपर कलेक्टर ने सभी बीएलओ को उनकी निष्ठा, समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी निर्वाचन कार्य को उसी प्रतिबद्धता व पारदर्शिता के साथ संपादित करने का आह्वान करते हुए कहा कि बीएलओ निर्वाचन प्रक्रिया की नींव होते हैं, जिनकी मेहनत से मतदाता सूची का अद्यतन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होता है।

**बीएलओ हुए सम्मानित:** लवन भरसेला के बलराम साहू, अमेरा पलारी के सोनी कुर्रे, कानकोट पलारी के कन्हैया साहू, नंदनिया, कसडोल के केशर गोस्वामी, देवरी, भाटापारा चुम्मन, गुर्रा भाटापारा के अनुसुइया यादव एवं परसाडीह, भाटापारा टिकेश्वरी ध्रुव शामिल हैं।

## पेज 11 के शेष

### मुख्यमंत्री साय के...

लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि कॉलेज की अनुपस्थिति के कारण छात्रों को दूर-दराज़ के क्षेत्रों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है। इसी तरह सुहेला के भौगोलिक और व्यावसायिक महत्व को देखते हुए एक विश्राम गृह की मांग भी लंबे समय से की जा रही है। बलौदाबाजार जिले के मध्य भाग में स्थित होने के कारण सुहेला में प्रशासनिक एवं सामाजिक कार्यक्रम लगातार होते रहते हैं, ऐसे में विश्राम गृह की अनुपस्थिति लंबे समय से समस्या बनी हुई है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस मांग पर भी सकारात्मक घोषणा करेंगे। मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम उसी दुर्गा पंडाल परिसर में आयोजित होने जा रहा है, जो सुहेला का प्रमुख सांस्कृतिक और सामाजिक केंद्र माना जाता है। यहीं से वर्षों से राजनीतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का संचालन होता आया है। इस स्थल को लेकर जनता की यह मांग भी उठ रही है कि इसे स्थायी सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाए और समतलीकरण व अन्य आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाए, जिससे बड़े कार्यक्रमों का संचालन और बेहतर ढंग से हो सके।

### ब्राम्हण समाज पर...

के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 298, 299, धारा 4 स्त्री अशिष्ट रूप प्रतिबंध अधिनियम तथा आईटी एक्ट की धारा 153 एवं सेशन 67 के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की सामाजिक विद्वेष फैलाने वाली टिप्पणी न कर सके।

ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला, अभिषेक (मिकी) तिवारी, विष्णुधर दीवान, राजकुमार तिवारी, राजीव लोचन शुक्ला, संतोष तिवारी, शशि शुक्ला, सुशील तिवारी, मनोज कुमार दुबे, संकेत शुक्ला, संजय पांडे, गार्गी शंकर बाजपेई, नितेश शर्मा, प्रसन्न दीवान, आर्यन शुक्ला, महान मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, नरेंद्र शुक्ला, प्रवीण पांडेय सहित ब्राह्मण समाज के अन्य सदस्य शामिल रहे।

### गार्ड के बेटे ने...

अधीन कार्यरत थे।हमले की सूचना मिलते ही संयंत्र के श्रमिकों में भारी आक्रोश फैल गया है। श्रमिकों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। सुबह श्रमिकों ने संयंत्र में काम बंद करदिया था, लेकिन 11 बजे के बाद अपना काम शुरू किया है।

## खबर संक्षेप



### कौड़ियां स्कूल में संविधान की प्रस्तावना का वाचन हुआ

**पलारी**। संविधान दिवस पर विद्यालय कौड़ियां में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। साथ ही संविधान के महत्व पर व्याख्यान का आयोजन कर मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई । प्रधान पाठक एमआर जायसवाल द्वारा सभी को संविधान की शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर शिक्षकगण, पालकगण, विद्यार्थीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मां-बेटे से चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद**। पुरानी रंजिश को लेकर बागबाहरा में चार लोगों ने मां-बेटे के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्राथिया अश्वनीबाई नागरची निवासी वार्ड नं 09 पिथौरा चौक बागबाहरा ने बताया कि 26 नवंबर की शाम करीबन 6 बजे सुशील मरकाम, कुलेश मरकाम, देवकुमार मरकाम, पुनाराम मरकाम पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज कर रहे थे, तब उसने घर से बाहर निकल कर गाली गलौज करने से मना किया। इस पर आरोपी सुशील मरकाम एवं पुनाराम मरकाम द्वारा किसी धारदार हथियार से दोनों हाथों में वार कर बाल पकड़कर रेलवे पटरी की ओर खींच कर लेकर जा रहे थे, उसी समय उसका लड़का प्रेम देव आया और बीच बचाव करने लगा। तब प्रेमदेव के साथ उक्तप चारों व्यक्तियों द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट करने लगे और प्रेम देव के पीठ में किसी धारदार हथियार से वार किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### ऑपरेटरों ने कलेक्टर को बताई अपनी समस्या

**महासमुंद**। जिले के समितियों एवं धान उपार्जन केंद्रों के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से उत्पन्न समस्या के मद्देनजर प्रशासन द्वारा नए कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग से की। लेकिन, पुराने कर्मचारियों की मांग पूरी हो जाने के पश्चात वे लौट गए और अब नए ऑपरेटर जिन्होंने सात दिनों तक धान खरीदी व्यवस्था को सुचारु रखा वे एक बार फिर बेरोजगार हो गए। गुरुवार को इन कंप्यूटर ऑपरेटरों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि वनरक्षक प्रशिक्षण विधालय में प्रशिक्षण पश्चात सभी नवनियुक्त ऑपरेटरों को बिना किसी नियुक्ति पत्र या आधार के उपार्जन केंद्रों में भेजा गया एवं उनसे कार्य भी लिया गया। पुराने कर्मचारियों की हड़ताल से वापसी के बाद नये ऑपरेटरों को बिना किसी सूचना के एकाएक कार्यमुक्त कर दिया गया है। इससे सभी ऑपरेटरों के समक्ष रोजगार की समस्या खड़ी हो गयी है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि समस्त नवनियुक्त ऑपरेटरों की समस्या एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके रोजगार के लिए उचित निर्णय लिया जाए।

# देवांगन समाज समृद्ध और विकासशील समाज है : मंत्री खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गुरुवार को नगर पंचायत पलारी स्थित देवांगन समाज भवन में निर्मित नए मां परमेश्वरी मंदिर लोकार्पण में मुख्य अतिथि खुशवंत साहेब, अध्यक्षता पूर्व स्पीकर गौरीशंकर अग्रवाल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों के आगमन पर बाइक रैली व जोरदार आतिशबाजी से स्वागत किया, पश्चात मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना के बाद मंचीय कार्यक्रम हुआ, जिसमें देवांगन समाज राज प्रधान पलारी राज शीतल देवांगन ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज की बात रखते हुए मंत्री खुशवंत साहेब से अपना मांग प्रस्तुत किये। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता भीम यादव, देवांगन समाज प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि के के देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति अजा मोर्चा नरोत्तम बघेल, मछुवारा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश धीवर, चरणदास तेहरवंश, मंजू कृष्णा देवांगन, नेतरंजन निर्मलकर, मंजू रात्रे, भोला वर्मा, गौतम यादव, दीपक वर्मा, चूड़ामणि साहू, लोकेश यदु, लीमेश वर्मा, योगेश योगी वर्मा, गोविंद जायसवाल, कौशल साहू, गुलशन रजक, दुर्गेश सेन, दुर्गेश यादव, जितेन्द्र देवांगन, कृष्णा देवांगन, संदीप देवांगन, प्रमोद देवांगन, तरुण देवांगन, हेमलाल देवांगन, मनोज देवांगन, देवकुमार देवांगन, तरुण देवांगन, भोजु देवांगन आदि उपस्थित थे।

## मां परमेश्वरी मंदिर की पूजा और लोकार्पण में शामिल हुए मंत्री

### देवांगन समाज शिक्षित समाज

अध्यक्षता करते हुए पूर्व अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि मुझे हमेशा देवांगन समाज का आशीर्वाद मिलता रहा है। देवांगन समाज शिक्षित समाज है इस समाज के लोग व्यापार के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ रहे हैं एवं आत्मनिर्भर की ओर आगे पड़ रहे हैं। मां परमेश्वरी सबसे शक्तिशाली देवी है, आज मन्दिर लोकार्पण के कार्यक्रम में देवांगन समाज ने मुझे बुलाया मेरी सौभाग्य की बात है।



### भवन के लिए 10 लाख की घोषणा की

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने इस अवसर पर कहा कि देवांगन समाज समृद्ध एवं विकासशील समाज है। देवांगन समाज का मुख्य व्यवसाय कपड़ा बुनकर है जिससे वह अपना जीवनयापन करते है मंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने ऐसे मुख्यमंत्री है, जिन्होंने 100 दिन में ही अपने बड़े से बड़े घोषणाओं को पूरा कर चुके हैं तथा देवांगन समाज के विधायक को उद्योग मंत्री बनाया है जिनके साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में नए उद्योग नीति लाये हैं और लाखों करोड़ों का इन्वेस्टमेंट छत्तीसगढ़ को मिली है। मंत्री ने समाज के मांग पर सामाजिक भवन में अतिरिक्त कक्ष के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की।

## सहकारिता मंत्री दयालदास बघेल और गौरीशंकर अग्रवाल हुए शामिल

# संविधान दिवस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

संविधान दिवस पर बलौदाबाजार जिले के पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम सुंदरी (स) में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लोकार्पण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री दयालदास बघेल तथा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर शुरुआत की गई।

संविधान निर्माण में अम्बेडकर का योगदान सर्वोपरि : मंत्री बघेल मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि संविधान निर्माण एवं कार्यान्वयन में संविधान समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा संविधान के कवच में देशवासी सुरक्षित हैं। यह हमें कानून के दायरे में रहकर अपने अधिकारों का उपयोग करना सिखाता है।

मंत्री बघेल ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं कमजोर वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने में बाबा साहेब की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में आंबेडकर के पांच तीर्थ स्थलों का निर्माण करवाकर उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिया है।

कार्यक्रम में गिरौदपुरी में चल रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया गया। 20 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति, 54 करोड़ की लागत से ज्योति खंभ निर्माण,मंत्री ने कहा कि आज गिरौदपुरी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान समाज हित में मंत्री दयालदास बघेल ने 10 लाख से मंगल भवन निर्माण, 10 लाख से गली कांक्रीटीकरण, 40 हजार की सहायता राशि सामाजिक बर्तन क्रय के लिए, इन घोषणाओं से उपस्थित समाजजनों में उत्साह देखा गया। समाज को संगठित एवं स्वावलंबी बनने की अपील मंत्री बघेल ने समाज से शिक्षित, संगठित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार समाज की पीड़ा को समझते हुए मुफ्त चावल सहित कई योजनाएं संचालित कर रही है तथा गरीब परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।

### बरदा में मितानिन व संविधान दिवस मना

मुंडा। ग्राम पंचायत बरदा में मितानिन को साड़ी व श्रीफल व पुष्पाहार से स्वागत किया गया। वहीं बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। सरपंच देवकुमारी दुकालू बंजारे ने संविवधान दिवस पर शपथ दिलायी, उप सरपंच अनीता विकास बांधे, पूर्व सरपंच अनिल खुटे, पूर्व जनपद सदस्य कोमल वर्मा, पंच आनंद दास, शांता मिरि, बजरंग बली, सपना कोसले, मालती बंजारे, देवानंद सभी पंच गड़ व गांव के मुकतारन बघेल, अमर दास, ओमप्रकाश बंजारे, रामकुमार, धर्मेंद्र खुटे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



### बरपाली और टुण्डरा में मनाया गया संविधान दिवस



गिधौरी। ग्राम बरपाली और टंडरा में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए। राजेन्द्र निराला शिक्षक के अनुरोध पर अंचल के वरिष्ठजनों के भारी उपस्थिति में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थितिजन समूहों ने संविधान की उद्देशिका का पाठन किये, तत्पश्चात नगर पंचायत टुण्डरा के आम्बेडकर चौक में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित संविधान दिवस को मुख्य अतिथि द्वय धनीराम बंजारे एडवोकेट अध्यक्ष संविधान प्रचारिणी सभा भारत एवं नगर अध्यक्ष छतराम साहू के अगुवानी में मनाया गया। मौके पर सी एस सांडे अध्यक्ष, राज महंत पी के घृतलहरे संरक्षक, नंदकुमार बंजारे उपाध्यक्ष, मोहन पुरेना प्रगतिशील सतनामी समाज, पार्षद भानुप्रताप घृत लहरे, पार्षद महेन्द्र बारले, पार्षद राहुल बारले, पार्षद प्रतिनिधि हेमलाल बारले, घनश्याम बारले, विश्राम दास बंजारे, सुशील विश्वकर्मा, अनुज राम मिरी, उजितराम, रामा रात्रे, अर्जुन बंजारे आदि शामिल रहे।

## नपं पवनी में गोपाल बने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी करन को मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ क्षेत्र में प्रदेश साहू संघ एवं जिला साहू संघ के निर्देश पर सभी परिक्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया की जा चुकी है। इसके लिए अलग-अलग दिन तय किया गया था, वहीं कई परिक्षेत्र में साहू समाज के प्रतिनिधि निर्विरोध चुनकर आए। पवनी परिक्षेत्र में साहू समाज से अध्यक्ष गोपाल साहू, उपाध्यक्ष करन साहू, महिला उपाध्यक्ष फुलेश्वरी साहू, संगठन सचिव राजेंद्र प्रसाद साहू तथा महिला संगठन सचिव लक्ष्मण साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वही सुतीउरकुली परिक्षेत्र में अध्यक्ष माधो साहू, उपाध्यक्ष कमलेश साहू, महिला उपाध्यक्ष सुमित्रा साहू, संगठन सचिव चंद्रेश साहू एवं महिला संगठन सचिव सुलोचनी साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वहीं टुण्डरी परिक्षेत्र में अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष- कमल नारायण साहू, महिला उपाध्यक्ष तीज बाई साहू, संगठन सचिव- फिरंगी राम साहू और महिला संगठन सचिव रोहिणी साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसके साथ ही नगर बिलाईगढ़ में अध्यक्ष टेसराम साहू, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, महिला उपाध्यक्ष रुक्मणी साहू, संगठन सचिव जागेश्वर साहू और महिला संगठन सचिव ईना बाई साहू निर्विरोध निर्वाचित हुए है वही खजरी परिक्षेत्र में अध्यक्ष धनसाय साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू, महिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी साहू तथा संगठन सचिव लक्ष्मी नारायण साहू निर्विरोध चुने गए हैं। इसके साथ ही अन्य परिक्षेत्र में चुनाव भी संपन्न हुआ जिनमे पीठासीन अधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी के रूप में समाज के अलग-अलग पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई थी।

■ साहू समाज के परिक्षेत्र चुनाव में कई स्थानों पर निर्विरोध चुने गए प्रतिनिधि

## डायलीसिस यूनिट बनी किडनी रोगियों के लिए संजीवनी

**बलौदाबाजार**। जिला चिकित्सालय में स्थापित डायलीसिस यूनिट किडनी के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस यूनिट से अब तक 169 मरीज लाभान्वित हुए हैं। जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में डायलिसिस की सुविधा 15 अगस्त 2022 से प्रारंभ की गई है। डायलिलिस यूनिट में कुल 6 डायलिसिस मशीन उपलब्ध है। अब तक कुल 169 मरीज डायलिसिस सुविधा का लाभ ले चुके हैं। प्रारंभ से अभी तक लगभग 10305 डायलिसिस सेशन हो चुके हैं। प्रतिमाह लगभग 300 बार डायलिसिस किया जा रहा है। वर्तमान में 27 एक्टीव मरीज हैं। जिला चिकित्सालय में डायलिसिस की सुविधा प्रारंभ होने से मरीजों को बाहर जाना नहीं पड़ता है। जिले में ही उपचार उपलब्ध है एवं आपातकालीन स्थिति में डायलिसिस की सुविधा मिलने से जीवन रक्षक उपचार समय पर मिल पा रहा है। साथ ही मरीजों को आर्थिक बोझ कम हो गया है।



# स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं मितानिनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक सम्मेलन संपन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाली मितानिनों और मितानिन प्रशिक्षकों का सम्मान एवं अभिवादन किया गया।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला के सहयोग से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि कुमार जायसवाल बिलाईगढ़ की उपस्थिति ने



कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने मितानिनों को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी बताया और कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनका योगदान अमूल्य है। इसी सम्मान में आज मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षकों को उपहार स्वरूप फलदार पौधों का वितरण किया गया, जिससे जनसमुदाय में स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जा सके।

कार्यक्रम के दौरान 26 नवंबर संविधान दिवस भी मनाया गया, जिसमें संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को नमन कर उनके योगदान को याद किया गया। अधिकारियों द्वारा सभी को संविधान मूल्यों के प्रति जागरूक रहने और कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी गई।

# भैंसा पंचायत में रासेयो ने लगाया सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भैंसा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर दल नायिका मीनाक्षी कोसले के नेतृत्व में नशा मुक्त समाज एवं स्वच्छता अभियान के लिए गांव के रैली निकाली गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दौलत राम पॉल द्वारा सेवा कार्य में लगे स्वयंसेवकों के प्रति आभार जताया। ब्लॉक सिमगा के सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश चवरे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व विकास की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने उपस्थित अतिथियों को शिविर के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। दल नायिका मीनाक्षी कोसले एवं उप दल नायिका सीमा पाल के मार्गदर्शन में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के मुद्दों को लेकर रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम में जिला बलौदाबाजार के भाजपा उपाध्यक्ष केजूराम बघेल, ग्राम पंचायत नवापारा के सरपंच डोमार सिंह मार्कण्डेय, ग्राम सकरी के सरपंच दिनेश वर्मा, पंच परमेश्वरी साहू, शारदा साहू, संतोषी बघेल, प्रधान पाठिका देवकुमारी आदिल, शिक्षक मुरली प्रसाद वर्मा, भूपेंद्र निषाद, नरेंद्र वर्मा, उपसरपंच पुनः राम साहू, सालिक राम वर्मा, मानसेवी शिक्षिका अंजना मानिकपुरी, दुर्गेश्वरी साहू, हीरा लाल साहू, सालिक राम वर्मा, ग्राम पंचायत भैंसा के सरपंच हरीश वैष्णव ने आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गरिमा साहू, संतोषी साहू, लक्ष्मी चेलक, मीनाक्षी साहू, टीनू साहू, वंदना वर्मा, टिकेश्वरी साहू, सहित पचास स्वयंसेवक भाग ले रहे है।

### सभापति नीलिमा ने 6 गांवों के मितानिनों का किया सम्मान

**भवानीपुर**। विकासखंड पलारी अंतर्गत चरौदा बम्हनी दरेंग, सेमरिया, धौराभाठा, टेमरी की मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का पंचायत भवन में सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में सभापति नीलिमा चरण दास ने कहा टीकाकरण से लेकर बीमारियों की रोकथाम तक मितानिनों का व्यापक योगदान रहता है। मितानिन जिन्हें छत्तीसगढ़ में आशा कार्यकर्ता के नाम से भी जाना जाता है, ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं वे हर घर तक स्वास्थ्य योजनाओं को पहुंचाने और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। सरपंच लोकेश्वरी लोकनाथ जायसवाल ने कहा कि मितानिन दीदी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देने उनका लाभ पहुंचाने और बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करती हैं। टीकाकरण से लेकर बीमारियों की रोकथाम तक मितानिनें समय-समय पर टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करती हैं। महिलाओं को प्रसव से पहले की देखभाल सिखाती हैं और जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देती हैं हर सुख दुख में हमारे साथ हमेशा खड़ी रहती है जिसके सम्मान करने का सौभाग्य आज हमें प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच मिथलेश जायसवाल, सचिव मनीराम यादव, मीना ध्रुव, जया पटेल, कांति यादव, मितानिन ट्रेनर शशि वर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## 300 छात्र–छात्राओं ने मीना बाजार का शैक्षिक भ्रमण किया

# पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों ने मीना बाजार का उठाया लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कक्षा पहली से आठवीं तक के लगभग 300 छात्र–छात्राओं को नगर में लगे मीना बाजार का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। बच्चों में इस सैर को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह विद्यालय से रवाना हुए, बच्चों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में मेले के विभिन्न झूलों और आकर्षणों का आनंद लिया।

मेले में लगे हवाई झूला, ब्रेक डांस, सी–सा झूला, ड्रैगन झूला, जंपिंग मैट और मिकी माउस क्लब बच्चों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने जहां इन रोमांचक झूलों का मजा लिया, वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ सहभागी बनकर खुले वातावरण में मनोरंजन का आनंद उठाया। इससे शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता और भी मजबूत होती दिखाई दी। मीना बाजार में खान–पान के लिए लगाए गए विविध स्टालों में बच्चों ने गोलगप्पे, चाट, भेलपुरी सहित कई मनपसंद व्यंजनों का स्वाद लिया। मेले का रंगीन माहौल बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलकता रहा।



प्रधानपाठक सुशीला वर्मा ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे भ्रमण बच्चों के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि मेले जैसे आयोजनों में बच्चे अपने सहपाठियों के साथ खुशियां साझा करते हैं और नई–नई चीजों के बारे में जानकर उनके व्यवहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है। साथ ही ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल को भी बढ़ाते हैं। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष विजय शर्मा, रोहित वर्मा तथा शिक्षक–शिक्षिकाएं जीरा पाध्याय, नीलम एक्का, दुर्गेश नंदिनी शर्मा, सोनाली शर्मा, मंदाकिनी चंद्राकर, पूर्णिमा निर्मलकर, विद्या वर्मा, अमन बंजारे और पिंकी आडिल पूरे समय बच्चों के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों की सुरक्षा एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया।






# भाटापारा में हिंद की चादर पर प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता शुरू

## गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर आयोजित की जा रही प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

हिंद की चादर, श्री गुरु तेग बहादुर की 350वें शहीदी दिवस पर अमरजीत सिंह छाबड़ा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग, रायपुर द्वारा श्री गुरुतेग बहादुर की स्मृति में प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रदेश के समस्त जिलों में आयोजित की जा रही है, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य गुरुओं द्वारा हिंदू धर्म की रक्षा हेतु दिए गए बलिदानों की जानकारी युवा पीढ़ी तक पहुंचाना तथा उनमें संस्कार, साहस, बलिदान और इतिहास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।बलौदाबाजार जिले में कार्यक्रम का नेतृत्व की जिम्मेदारी बलवंत सिंह सलूजा, अमरजीत सिंह सलूजा, राजा गुंबर, हर भगवान गुंबर, बबलू चावला, बयेन्त सिंह खालसा सहित अन्य प्रमुख समाजसेवियों को सौंपी गई है, जो इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समिति द्वारा सभी, गुरुकुल स्कूल के डायरेक्टर राम रतन मुधंडा, प्रिंसपल, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी गणमान्य नागरिकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणादायक एवं संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।



### 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

इस प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता की शुरुआत भाटापारा से की गई, जहां कार्यक्रम का आयोजन गुरु कुल स्कूल, तरेंगा रोड में हुआ। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों ने भी इस आयोजन में विशेष रुचि दिखाई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जैसे महापुरुषों के बलिदान के कारण ही आज हम अपने धर्म और संस्कृति में सुरक्षित अनुभव करते हैं।

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय बालक-बालिका कबड्डी चयन ट्रायल पलारी में कल

**पलारी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए ब्लाक पलारी की टीम का गठन शनिवार दोपहर 12 बजे सतनाम भवन पलारी में चयन ट्रायल रखा गया है। जिसमें पूरे पलारी ब्लॉक के कब्बड्डी खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग लेकर राज्य स्तरीय कबड्डी में भाग ले सकते हैं। बालक वर्ग में 75 किलोग्राम 18 जनवरी 2006 के बाद, वहीं बालिका वर्ग 65 किलोग्राम 28 दिसंबर के बाद वाले खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। चयन ट्रायल के समय खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड, बोर्ड कक्षा की अंक सूची तथा एके एफआई कार्ड लाना अनिवार्य है।

### प्लांट के पीछे फंसे ट्रक की चाबी छीनी, आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** करणी कृपा प्लांट के पीछे फंसे ट्रक को क्रेन से निकलवा रहे ड्राइवर से वाहन की चाबी छीनने के मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तुमगांव पुलिस को एफआईआर में प्रार्थी संजय सिंग पिता जयभान सिंग (27 वर्ष) ग्राम गिजवार थाना मझौली जिला सीधी (मप्र) ने बताया कि 24 नवंबर तो वह ट्रक क्रमांक सीजी 11 बीएफ 9914 में चांपा से कोयला लोड कर 25 नवंबर को तुमगांव करणी कृपा प्लांट गूगल मैप के माध्यम से आ रहा, इसी दौरान वह खैरझिटी गांव के रोड में प्लांट के पीछे गेट की ओर पहुंच गया, जब वह गाड़ी को वापस घुमाने के लिए पीछे कर रहा था तब पहिया धंस गया था। जिसे वह क्रेन से बाहर निकलवा रहा था। इसी दौरान पास के गांव के कुछ लोग आये और कहने लगे कि ये प्लांट का रास्ता नहीं है, तुम इधर क्यों आये हो, इधर आना मना है। ऐसा कहकर वे गाली गलौज करने लगे, जब उसने उन लोगों का नाम पूछा तो उन्होंने कुंज लाल चेलक और शिव कुमार टंडन होना बताये और जबरदस्ती चाबी को लूटकर वाहन को वहीं पर रोक लिया और उसे भगा दिया।

**आयोजन :** दाऊ कल्याण महाविद्यालय में संविधान दिवस मना

# संविधान कानूनों का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की है आत्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। माय भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, विधि विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत और संविधान की प्रस्तावना वाचन के साथ हुआ, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. एआर सी जेम्स ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान केवल कानूनों का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की आत्मा है। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के मूल कर्तव्यों को जीवन में अपनाने की अपील की। प्रोफेसर डॉ. एके उपाध्यय ने संविधान निर्माण के इतिहास को बताया। प्रोफेसर डॉ. सीके चंद्रवंशी ने समाज में संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा हमारा संविधान विषय पर विशेष भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक नरेन्द्र देव मिर्झा ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राध्यापक जयंत मिंज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मोहन लाल वर्मा, योगेंद्र कुमार कंवर, मानसी बाजपेई, पंकज डोडवानी सहित भारी संख्या मे छात्र-छात्राएं शामिल रहे। संविधान दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा।

## भिनोदा पंचायत में मनाया गया संविधान दिवस

**गोपालपुर।** ग्राम पंचायत भिनोदा में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष बंशीलाल रात्रे, ग्राम पंचायत भिनोदा के सरपंच ब्रिज किशोर अजगल्ले सहित गांव के शिक्षित वर्ग, महिला-पुरुष, युवाओं व वरिष्ठ ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान भीम आर्मी बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अपूर बंजारे अपने साथियों के साथ शामिल हुए। सभी अतिथियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान निर्माता को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए तथा संविधान के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

भिनोदा ग्राम पंचायत में हर वर्ष गुरु घासीदास जयंती, डॉ. अंबेडकर जयंती सहित सभी महापुरुषों की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। कार्यक्रम समिति समय-समय पर सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखकर विशेष आयोजन करती रही है। पिछले वर्ष गुरु घासीदास जयंती पर जरूरतमंदों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया था, वहीं डॉ. अंबेडकर जयंती पर ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। संविधान दिवस के इस आयोजन ने एक बार फिर साबित किया कि भिनोदा ग्राम पंचायत न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी है, बल्कि समाज को जागरूक करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में भी निरंतर अग्रसर है।



### संविधान दिवस पर छात्रों ने ली शपथ

**लवन।** अहिल्दा पूर्व माध्यमिक शाला में 26 नवंबर को संविधान दिवस पर शाला परिसर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई गई। प्रधान पाठक अरविंद कुमार मिश्रा ने भारतीय संविधान के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया। शिक्षक विश्वनाथ कोसले द्वारा संविधान उद्देशिका का वाचन कराया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा, संकुल सामान्य सुशील कुमार सोनवानी, शिक्षिका शालिनी बाजपेयी, शिक्षक ईश्वर प्रसाद साहू, विश्वनाथ कोसले आदि उपस्थित थे।



## प्रेम और भक्ति ही ईश्वर प्राप्ति का सच्चा मार्ग



- कथाकार ने भागवत कथा के दूसरे दिन प्रेम और भक्ति की महिमा का वर्णन किया

सेल। ग्राम सेल में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा में आचार्य पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय द्वारा प्रेम एवं भक्ति की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया की किस प्रकार बिदुर एवं सुलभा की प्रेम एवं भक्ति के कारण स्वयं भगवान उनकी कुटिया पर पधारे शांति दूत के रूप मे पांडवों का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वयं भगवान हस्तिनापुर पधारे और दुर्योधन द्वारा छल पूर्वक व्यवहार के कारण उनका मेवा मिष्ठान त्यागकर भगवान बिदुरजी कुटिया में पधारे और उनके हाथों से कच्चे केले का छिलका भोग लगाकर तृप्त हुए, इस प्रसंग से यह सिद्ध होता है कि भगवान केवल प्रेम और भाव के भूखे हैं, जाती पाती पूछय नहीं कोई हरि को भजे सो हरि का होइ माता शबरी ने भी इसी प्रेम भाव से प्रभु दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया प्रभु कहते है निर्मल मन जन सो मोहि पावा मोहे कपट छल छिद्र न भावा ईश्वर को निर्मल मन से ही प्राप्त किया जा सकता है, ना की छल कपट से आगे। आचार्य ने वारह अवतार की कथा का वर्णन किया, उसके बाद माता सती की कथा कही। फिर माता पार्वती एवं भगवान शिवजी के विवाह प्रसंग के साथ गुरुवार की कथा संपन्न हुईं। आज यजमान परिवार शोभित जायसवाल एवं उनकी पत्नी कौशिल्या जायसवाल एवं उनके पिता रामप्यारी जायसवाल द्वारा सभी भक्तों के लिए भंडारे में भोजन रूपी प्रसाद की व्यवस्था भी रखी गई थी।

### आयुष शिविर में 172 मरीजों का इलाज



**बलौदाबाजार।** आयुष विभाग द्वारा शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा गुड़ी चौक डमरू में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वातरोग, चर्मरोग, अर्शरोग, उदररोग, स्त्रीरोग, ज्वर, कास, प्रतिश्याय, मधुमेह, नेत्ररोग, दंतरोग एवं अन्य रोग कुल 172 मरीजों ने भाग लिया। शिविर में एनिमिया जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच कर परामर्श देते हुए निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. एलएस ध्रुव, नेकदत्त बरतामसी, सावित्री योगी, मेघनाथ बंजारे, सुशील जायसवाल, प्रवीण पैकरा, भारत साहू, रामसिंह पैकरा, परदेशी पैकरा, बल्लू साहू, रघुवार वैष्णव, पंच माखन साह सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कसडोल महाविद्यालय की छात्रा बिंदु प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

स्व. दौलत राम शर्मा महाविद्यालय की छात्रा बिंदु पैकरा राज्य स्तरीय बॉक्सिंग टूर्नामैच में इंटर-कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई।

राष्ट्रीय स्तर में चयनित खिलाड़ी बिंदु पैकरा अपना प्रोफेशन पंजाब में दिखाएगी। सिलेक्शन प्रोसेस के दौरान एक्शन में बॉक्सर, बिंदु पैकरा को 48-51 किलो कैटेगरी के लिए, क्लास में अपनी जगह बनाई। कॉम्पिटिशन के दौरान बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद रहे। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में आयोजित बॉक्सिंग महिला-पुरुष चैंपियनशिप 2025-26 शासकीय जेयो छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में स्व. दौलत राम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल की छात्रा बिंदु पैकरा प्रथम स्थान प्राप्त कर पंजाब में होने वाले अंतर विश्वविद्यालय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। इसकी बधाई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीआर साहू एवं क्रीड़ा प्रभारी केके बर्मन एवं महाविद्यालय प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को भगवान दास मरकाम वार्ड नं 09 पिथौरा चौक बागबाहरा ने बताया कि 26 नवंबर की शाम करीबन 6 बजे मामी तुलसी मरकाम के साथ केशव मरकाम के घर के सामने ठगेश्वर मरकाम, केशव मरकाम, अब्बू मरकाम तथा अश्वनी मरकाम निवासी वार्ड नं 9 पिथौरा चौक बागबाहरा के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए विवाद कर रहे थे। तब प्रार्थी और तुलसी मरकाम का लड़का दुष्यंत मरकाम विवाद लड़ाई झगडा को छुड़ाने गये, तब आरोपियों के द्वारा उन दोनों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## कॉलेज के छात्रों ने निकाली एड्स जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




गजानंद अग्रवाल स्नाकोतत्तर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स जागरूकता पर रैली एवं डोर टू डोर कैंपेन का आयोजन प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अशोक वर्मा स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई तथा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से संत कर्मा वार्ड में एचआईवी एड्स जागरूकता एवं बचाव संबंधी संदेश दिए। इस जागरूकता यात्रा में रेड रिबन क्लब प्रभारी इंद्राणी मरकाम एवं डॉ. राजन तिवारी ने जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। स्वयंसेवकों ने रेड रिबन का प्रतीक चिन्ह बनाकर समाज को एड्स के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में राजीव मिर्झा एवं पुष्पेन्द्र चक्रधारी सहित सभी प्रतिभागियों ने समुदाय को उपयोगी जानकारी प्रदान की और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए, जिससे रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित यह प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक सराहनीय कदम सिद्ध हुआ।




सीईओ जिला पंचायत ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत ली समीक्षा बैठक

# पीएम आवास की प्रथम किस्त जारी, शुरू होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत समीक्षा बैठक ली। बैठक में सहायक अभियंता आरईएस, उपअभियंता आरईएस, विकासखंड समन्वयक आवास एवं तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृति उपरांत 25580 हितग्राहियो को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्योत्सव पर प्रथम किस्त जारी किया था, उन सभी आवासों को एक सप्ताह के भीतर प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने आवास निर्माण में प्रगति लाने सभी पंचायतों में आवास चौपाल कराने, हितग्राहियों, राजमिस्त्रियों और वेंडरों को बुलाकर सभी हितग्राहियों का उन्मुखीकरण करने एवं आवास को जल्द से जल्द प्रारम्भ कराकर समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही पूर्व वर्षों में स्वीकृति उपरांत अपूर्ण आवासों को 31 दिसंबर तक पूर्ण कराने, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने, पूर्ण आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने एवं अन्य विषयों में विस्तृत समीक्षा की।जनपद पंचायत बलौदाबाजार, पलारी और कसडोल का प्रगति कम होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए तकनीकी सहायकों को 1 सप्ताह भीतर पूर्ण कराने के निर्देशित किए। साथ ही अनुपस्थित एवं कम प्रगति वाले तकनीकी सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।




